नाम वाली मेहँदी | By Pawan Krishna

लगा दो मैया जी अपने प्यार वाली मेहँदी
लगा दो मैया जी अपने नाम वाली मेहँदी
प्यार वाली मेहँदी माँ नाम वाली मेहन्दी
लगा दो मैया जी अपने प्यार वाली मेहँदी
लगा दो दाती जी अपने नाम वाली मेहँदी

ये मेहँदी ब्रह्मा जी लाये
ब्रह्मावानी के हाथ रंगाये
दिल को ये लुभाये बड़े काम वाली मेहन्दी
लगा दो मैया जी अपने प्यार वाली मेहँदी
लगा दो दाती जी अपने नाम वाली मेहँदी

ये मेहंदी कान्हा जी लाये
राधा जी के हाथ रंगाये
तुम भी ये लगा लो बड़े काम वाली मेहँदी
लगा दो मैया जी अपने प्यार वाली मेहँदी
लगा दो दाती जी अपने नाम वाली मेहँदी

ये मेहंदी भोले जी लाये
पारवती के हाथ रंगाये
तुम भी ये लगा लो त्यौहार वाली मेहँदी
लगा दो मैया जी अपने प्यार वाली मेहँदी
लगा दो दाती जी अपने नाम वाली मेहँदी

ये मेहंदी दत्ता जी लाये
पवन कृष्णा भी संग में आये
सब मिलके ये लगा लो त्यौहार वाली मेहँदी
लगा दो मैया जी अपने प्यार वाली मेहँदी
लगा दो दाती जी अपने नाम वाली मेहँदी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%81%e0%a4%a6%e0%a5%80-by-pawan-krishna/